चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि

825. **श्री सोमपाल**: क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि कुछ चीनी मिलों ने अपेक्षित अनुमति लिए बिना अपनी क्षमता का विस्तार कर लिया हैं;

(ख) यदि हां,तो ऐसी कंपनियों के नाम क्या-क्या हैं तथा इस प्रकार की गई क्षमता के विस्तार का ब्यौरा क्या हैं;

(ग) इस प्रकार की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं;और

(घ) यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री अजित सिंह): (क) और (ख) मैसर्स श्रीराम इंडस्ट्रीज एंटरप्राइजिस लि.(एस.आई.ई.एल.) की मवाना शुगर वर्क्स द्वारा केन्द्र सरकार से आशय पत्र/ औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त किए बिना अपनी पेराई क्षमता 3000 टन गन्ना प्रति दिन तक बढ़ाने के बारे में प्राथमिक रिपोर्ट सरकार के जांचाधीन हैं।

(ग) और (घ) किसी चीनी फैक्ट्री द्वारा आशय पत्र/ औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त किए बिना अपनी क्षमता बढ़ाना आई.डी.आर.अधिनियम 1951 की धारा 24 के अन्तर्गत दण्डनीय हैं।

कोयले का निर्यात

826. **प्रो.राम बख्श सिंह वर्मा**: क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षो के दौरान,प्रति वर्ष कितनी मात्रा में कोयले का निर्यात किया गया;

(ख) उक्त अवधि के दौरान,कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(ग) क्या सरकार और अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए कोयले का निर्यात बढ़ाने का विचार रखती हैं;और

(घ) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) और (ख) वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी निदेशालय,कलकत्ता द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार पिछले 3 वर्षो के दौरान देश से निर्यात किए गये कोयले की कुल मात्रा तथा उससे अर्जित की गई विदेशी विनिमय की राशि को नीचे दर्शाया गया हैं:-

	निर्यात की गई मात्रा (टन में)	कीमत (लाख रू. में)
1992-93	3,81,601	5001.62
1993-94	5,15,099	6514.45
1994-95	7,21,229	7990.07

(ग) और (घ) वर्तमान में कोलियरी नियंत्रण आदेश में दिए गए प्रावधानों को छोड़कर कोयले की मात्रा अथवा कीमत निर्यात किए जाने की कोयले की मात्रा अथवा जिस कीमत पर कोयले का निर्यात किया जा सकता हैं,उसके बारे में कोई प्रतिबंध नहीं हैं । कोयला उत्पादक,ग्रहित ख़ान मालिकों को छोड़कर अपने निर्यात में वृद्धि किए जाने के लिए तथा अपनी विदेशी विनिमय की आय को अधिक किए जाने के मामले में स्वतंत्र हैं ।

Perspective Plans of Tamil Nadu for the Development of Western Ghats

827. SHRI S. MADHAVAN: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether Government of Tamil Nadu submitted the perspective plans formulated by it for the development of the Western Ghat Region; and

(b) if so, what are the steps taken to implement the plans?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GAMANG): (a) and (b) The Government of Tamil Nadu has got prepared a Perspective Plan spanning